भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2172**

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

**यातायात उल्लंघन के मामलों का पंजीकरण**

2172. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत यातायात उल्लंघन के राज्य-वार कितने मामले दर्ज हुए हैं और उनमें कितनी राशि वसूल की गई है;

(ख) क्या यातायात जुर्माने की राशि में भारी वृद्धि के बाद मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों की संख्या में कोई वृद्धि हुई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने सड़क पर चालकों द्वारा उग्र व्यवहार और लापरवाही से वाहन चलाने की बढ़ती घटनाओं का संज्ञान लिया है और यदि हां, तो ऐसे दर्ज मामलों की संख्या कितनी है और सरकार द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) सरकार द्वारा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए उचित कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई नीति या योजना निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान देश में मोटर यान अधिनियम, 1988 के तहत दर्ज किए गए यातायात उल्लंघन के मामलों की संख्या और शास्ति की वसूली की राशि का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

(ख) से (ड.) मोटर यान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के अनुसार यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने और उल्लंघन के लिए निवारण बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से सख्त प्रवर्तन का प्रावधान है। यातायात प्रबंधन और प्रवर्तन अनिवार्य रूप से राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्रों प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में आता है। जहां केंद्र सरकार मोटर यान अधिनियम, 1988 के तहत नियम बनाती है, वहीं इन नियमों का प्रवर्तन राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में आता है।

इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और प्रवर्तन पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को सड़क सुरक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय समिति (एससीसीओआरएस) द्वारा विधिवत जांच के बाद दिनांक 28.10.2025 को जारी किया गया है और केंद्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 के नियम 167 और 167क में समवर्ती संशोधन किए गए हैं। इसके अलावा, वाहन डेटाबेस के साथ एकीकृत ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाकर प्रौद्योगिकी-संचालित प्रवर्तन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को संवेदनशील बनाने के अलावा, सड़क सुरक्षा मामलों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो के माध्यम से सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है।

**अनुलग्नक-I**

**"यातायात उल्लंघन के मामलों का पंजीकरण"** के संबंध में **श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल** द्वारा पूछे गए दिनांक 12 .02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2172 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| क्र.सं. | राज्य का नाम | 2023 | | 2024 | | 2025 | | 2026 (08.02.2026) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल चालान | एकत्रित राजस्व (रु.) | कुल चालान | एकत्रित राजस्व (रु.) | कुल चालान | एकत्रित राजस्व (रु.) | कुल चालान | एकत्रित राजस्व (रु.) |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 613 | 750302 | 39561 | 27511400 | 4595 | 2484950 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1350517 | 46345405 | 4424100 | 1088182059 | 2852211 | 2268517659 | 375815 | 154366869 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 197 | 89017 | 318 | 143102 | 609 | 15504 |
| 4 | असम | 1042381 | 1635946539 | 1441610 | 1192287238 | 1373450 | 567229455 | 158376 | 24572300 |
| 5 | बिहार | 1259247 | 3362878204 | 2671432 | 3156305701 | 3170844 | 2392214041 | 322372 | 176434948 |
| 6 | छत्तीसगढ | 226096 | 171182150 | 263512 | 188858651 | 702134 | 297876350 | 102381 | 23538000 |
| 7 | चंडीगढ़ | 993555 | 330619535 | 995780 | 307861146 | 807106 | 226847423 | 69734 | 4681500 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 30114 | 19081500 | 26994 | 18915000 | 31454 | 24593900 | 2442 | 1432500 |
| 9 | दिल्ली | 7686580 | 2770958426 | 7820107 | 2334673233 | 9554934 | 1254475139 | 1024464 | 19976507 |
| 10 | गोवा | 558485 | 374515340 | 517892 | 391711762 | 356429 | 231369213 | 47474 | 13670104 |
| 11 | गुजरात | 1604545 | 1537890529 | 4324698 | 1958717710 | 8571775 | 2313915659 | 972386 | 109167809 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 824216 | 496871422 | 1097882 | 596990478 | 1331948 | 589308825 | 184158 | 41245204 |
| 13 | हरियाणा | 3403719 | 3838177773 | 3126261 | 2637518467 | 5225384 | 3314660781 | 429086 | 250639900 |
| 14 | झारखंड | 435227 | 350033450 | 718487 | 282274625 | 1164884 | 261052189 | 95921 | 19709652 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 1238584 | 345649936 | 1544105 | 434020276 | 1548525 | 341736740 | 163531 | 21146700 |
| 16 | कर्नाटक | 248265 | 64603701 | 481705 | 78819019 | 885309 | 94182941 | 88505 | 4848200 |
| 17 | केरल | 11133412 | 4013360559 | 11380834 | 3386335086 | 10053983 | 2218153023 | 1008724 | 116930820 |

| क्र.सं. | राज्य का नाम | 2023 | | 2024 | | 2025 | | 2026 (08.02.2026) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल चालान | एकत्रित राजस्व (रु.) | कुल चालान | एकत्रित राजस्व (रु.) | कुल चालान | एकत्रित राजस्व (रु.) | कुल चालान | एकत्रित राजस्व (रु.) |
| 18 | लद्दाख | 92 | 37700 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | महाराष्ट्र | 1369996 | 3385733615 | 2799451 | 4083883617 | 3572056 | 3993743874 | 158109 | 344207437 |
| 20 | मेघालय | 29135 | 32227500 | 31930 | 30963101 | 33382 | 28963700 | 2583 | 1683300 |
| 21 | मणिपुर | 4599 | 2390800 | 8029 | 1961800 | 39269 | 11315800 | 4650 | 292500 |
| 22 | मध्य प्रदेश | 1310662 | 455469822 | 2550226 | 562489271 | 3249598 | 728482810 | 300748 | 85938200 |
| 23 | मिजोरम | 6231 | 9896300 | 9875 | 12900000 | 11246 | 12648200 | 1182 | 1079600 |
| 24 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 2000 |
| 25 | ओडिशा | 1794849 | 1647725754 | 1383624 | 1178501427 | 2188769 | 1265008048 | 331776 | 87782415 |
| 26 | पंजाब | 72191 | 67857294 | 397843 | 531641679 | 2046623 | 1136183365 | 277279 | 91762807 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 157825 | 40801350 | 253472 | 44181100 | 250452 | 53347200 | 15215 | 3354000 |
| 28 | राजस्थान | 2044755 | 4382123512 | 2494300 | 3708210269 | 4514694 | 3626647510 | 694061 | 274562640 |
| 29 | सिक्किम | 465 | 1952540 | 2590 | 4067985 | 1463 | 1079900 | 214 | 57600 |
| 30 | तमिलनाडु | 11134810 | 3865107202 | 11161225 | 3321881655 | 8938678 | 2168185159 | 762889 | 101988345 |
| 31 | त्रिपुरा | 532114 | 180655763 | 950096 | 194346830 | 683148 | 238131020 | 66792 | 30782950 |
| 32 | उत्तराखंड | 667354 | 723372217 | 912200 | 855407398 | 1390081 | 776254827 | 181312 | 54390580 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 14447650 | 6154650329 | 15385832 | 5560060350 | 19312200 | 5093550064 | 2131038 | 363871054 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 2304310 | 2126757704 | 2715901 | 1824976406 | 3955178 | 2056808144 | 353519 | 139494179 |
| **कुल योग** | | **67911981** | **42434873871** | **81892803** | **39969782658** | **97857086** | **37614137461** | **10331950** | **2566111074** |

* अब तक, ई-चालान प्रणाली केवल 34 राज्यों में ही लागू/चल रही है। लक्षद्वीप और तेलंगाना में यह प्रणाली लागू नहीं है।

*****